**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–08.07.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार .**

1. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बोकारो में प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित, कहा–स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के जीवन से मिलता है ईमानदारी और परिश्रम का सन्देश।**
2. **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह में दिशा की बैठक के दौरान विकास कार्यों की गुणवत्ता पर जताई नाराजगी, कहा–जल जीवन मिशन पूरी तरह विफल, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई।**
3. **चतरा में बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की, अवैध मादक पदार्थ की खेती पर जीरो टॉलरेंस नीति और ऑपरेशन को तेज करने के दिए निर्देश।**
4. **हजारीबाग में पिछले सात दिनों से हाथियों का आतंक, बड़कागांव में 55 घर तोड़े, 250 किसानों की फसलें की तबाह। और**
5. **मौसम विभाग ने कल राज्य के कई जिलों में जताई भारी बारिश की संभावना, गुमला, खूंटी, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में येलो अलर्ट किया जारी।**

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज बोकारो के बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह' में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करने का अवसर है, बल्कि स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के विचारों और कार्यों को स्मरण करने का भी माध्यम है। उन्होंने ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर देने की सराहना की और विद्यार्थियों को ईमानदारी, परिश्रम और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

*******************

गिरिडीह में आज दिशा की बैठक की अध्यक्षता कर रहीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली की खराब स्थिति पर चिंता जताई। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन गिरिडीह में पूरी तरह विफल हो गया है। उन्होंने ठेकेदारों के भुगतान पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए। मौके पर मंत्री ने जिला प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई कर रिपोर्ट सौपने का निर्देश दिया है।

वहीं राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद ने भी बैठक में अधिकारियों को टीम बनाकर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

*******************

बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी क्रांति कुमार गण देशी ने चतरा में विधि व्यवस्था और अन्य मामलों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने मादक पदार्थों की अवैध खेती के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने और ऑपरेशन को तेज करने के निर्देश दिए। आईजी ने बताया कि चतरा पुलिस मादक पदार्थों के कारोबार में शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई कर रही है।

*******************

रांची में आजसू छात्र संघ की ओर से आयोजित मिलन समारोह में कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता प्रवीण प्रभाकर ने उनका स्वागत किया और कहा कि चुनावी माहौल न होने के बावजूद लोग पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर जुड़ रहे हैं।

आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि रांची समेत झारखंड के अन्य जिलों में भी नए सदस्य लगातार पार्टी से जुड़ रहे हैं।

*******************

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ कल भारत बंद का आह्वान किया है। रांची स्थित सीपीआई कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने बताया कि मजदूर, किसान और जनविरोधी नीतियों के विरोध में देशभर के सरकारी कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। इस बंद को सीपीआईएम, झामुमो, राजद और कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक संगठनों का समर्थन मिला है।

*******************

हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड में पिछले सात दिनों से 35 हाथियों का झुंड लगातार आतंक मचा रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। अब तक हाथियों ने ग्रमीणों के लगभग 55 घरों को तोड़ दिया है और 250 से अधिक किसानों की फसलों को बर्बाद कर लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया है। पश्चिमी वन प्रमंडल के एसीएफ ए.के. परमार ने कहा कि वन विभाग की टीम स्थिति पर नजर रखे हुए है और हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं।

*******************

धनबाद डाक विभाग ने फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी करने वाले तीन कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। वर्ष 2024 की बहाली प्रक्रिया में शामिल इन तीनों ने बिहार संस्कृत बोर्ड का फर्जी सर्टिफिकेट जमा कराया था। जांच में फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद बंकू पासवान, नागेंद्र कुमार और टीपू कुमार की सेवा समाप्त कर दी गई है। वरिष्ठ डाक अधीक्षक उत्तम सिंह ने बताया कि इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश भी दिया गया है।

*******************

पलामू जिले में बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत इस वर्ष प्रत्येक पंचायत में दस दस एकड़ में बागवानी का लक्ष्य रखा गया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

*******************

## अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- रांची में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में आदिवासी हो समाज युवा महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षक पात्रता नियमावली 2025 में क्षेत्रीय भाषा की सूची में 13 जिलों के लिए 'हो' भाषा को शामिल करने की मांग की।
- धनबाद में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत पूर्व पार्षद गणपत महतो अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई और संगठन को गांव तक मजबूत करने की बात कही।
- लोहरदगा के अरकोसा स्थित पत्थर खदान में संजय भगत की हत्या मामले का खुलासा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कर दिया है। इस मामले में एक महिला समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से हथियार, मोबाइल और नकदी बरामद हुई है।

*******************

मौसम विभाग ने कल राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। साथ ही गुमला, खूंटी, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की भी चेतावनी दी गई है।

***************